3/यो0स०क०-23/2022 22

**बिहार सरकार**

**समाज कल्याण विभाग**

**स्वीकृत्यादेश**

**(संख्या /2024-25)**

प्रेषक,

**नवीन कुमार सिंह,** (भा०प्र०से०)
अपर सचिव,

सेवा में,

महालेखाकार,
बिहार, पटना। पटना, दिनांक -08.01.25

विषयः- **मुख्यमंत्री सामाजिक सहायता एवं प्रोत्साहन छत्र योजना के अन्तर्गत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के संचालन हेतु वितीय वर्ष 2024-25 में राज्यांश मद में रू० 4341.00 लाख (तैतालिस करोड एकतालीस लाख रूपये) मात्र के अतिरिक्त व्यय की स्वीकृति।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि समाज कल्याण विभाग के ज्ञापांक 5725 दिनांक 27.11.2017 के क्रम में राज्य सरकार द्वारा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं, मृत्यु अनुदान योजनाओं, विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना एवं अन्य सामाजिक सहायता योजनाओं का संचालन, मुख्यमंत्री सामाजिक सहायता एवं प्रोत्साहन छत्र योजना के अधीन कार्यान्वित करने का निर्णय लिया गया है। इसके अन्तर्गत वितीय वर्ष 2024-25 में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के संचालनार्थ केन्द्रांश मद में रू० 23416.00 लाख, राज्यांश मद में रू० 3200.00 लाख तथा राज्य योजना मद में रू० 100.00 लाख अर्थात कुल रू० 26716.00 लाख (दो सौ सडसठ करोड सोलह लाख रूपये) मात्र के व्यय की स्वीकृति विभागीय पत्रांक 18 दिनांक 08.04.2024 द्वारा प्रदान की गई है। अतिरिक्त राशि की आवश्यकता के आलोक में द्वितीय अनुपूरक से राज्यांश मद में प्राप्त रू० 4341.00 (तैतालिस करोड एकतालीस लाख रूपये) मात्र के अतिरिक्त व्यय की स्वीकृति निम्न प्रकार दी जाती है-

(राशि रू. लाख में)

| क्र0 | योजना का नाम | विपत्र कोड | विषय शीर्ष | पूर्व में स्वीकृत राशि | वर्तमान में स्वीकृत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| राज्यांश | | | | | |
| 1 | इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना – सामान्य घटक | (51-2235031010303) | 0303.31.06 | 2000.00 | 4341.00 |
| कुल योग : (तैतालिस करोड़ एकतालीस लाख रू०) | | | | | 4341.00 |

2 स्वीकृत राशि की निकासी एवं व्ययन हेतु सामाजिक सुरक्षा निदेशालय (मुख्यालय) स्तर पर निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, जिला स्तर पर सभी सहायक निदेशक/प्रभारी सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी घोषित हैं।

3. उक्त स्वीकृत राशि के विरूद्ध सामाजिक सुरक्षा निदेशालय द्वारा निर्गत आवंटनादेश के आधार पर ही राशि की निकासी एवं व्ययन किया जायेगा। इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु बिहार वित्तीय नियमों का पालन करने की जिम्मेवारी संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की होगी।

4. राशि की निकासी एवं व्ययन वित विभाग के पत्रांक 214/वि० दिनांक 06.03.2024, 3576 दिनांक 01.04.2024, 730/वि० दिनांक 09.12.2024 एवं समय-समय पर निर्गत अन्य अनुदेशों/परिपत्रों के अनुसार किया जायेगा।

5. यह स्वीकृत्यादेश संचिका संख्या-3/यो0स०क०-23/2022 के टिप्पणी पृष्ट संख्या 13/टि0 पर दिनांक 13.12.2024 को आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

6. यह स्वीकृत्यादेश संचिका संख्या-3/यो0स०क०-23/2022 के टिप्पणी पृष्ट संख्या 17/टि0 पर दिनांक- 08.01.2025 को अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण विभाग के अनुमोदनोपरान्त निर्गत की जा रही है।

7. यह चालू योजना है। अतः महालेखाकार, बिहार से प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

विश्वासभाजन

08/01/25

अपर सचिव,

समाज कल्याण विभाग।

ज्ञापांक- 3/यो0स०क०-23/2022 /....22..../दिनांक- 08.01.25

प्रतिलिपि -महालेखाकार (लेखा परीक्षा) बिहार, पटना/प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग/संयुक्त सचिव, वित्त विभाग (बजट शाखा)/विशेष कार्य पदाधिकारी, समाज कल्याण विभाग (बजट शाखा)/निदेशक, सामाजिक सुरक्षा निदेशालय/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी/निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, सामाजिक सुरक्षा निदेशालय/मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी/वरीय प्रशासी पदाधिकारी, सक्षम, अपना घर, बेली रोड, पटना/सभी सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

08/01/25

अपर सचिव,

समाज कल्याण विभाग।

ज्ञापांक- 3/यो0स०क०-23/2022 /....22..../दिनांक- 08.01.25

प्रतिलिपि -कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना/सभी जिला कोषागार पदाधिकारी/सभी उप कोषागार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

08/01/25

अपर सचिव,

समाज कल्याण विभाग।

ज्ञापांक- 3/यो0स०क०-23/2022 /....22..../दिनांक- 08.01.25

प्रतिलिपि -विभागीय आई०टी० मैनेजर, को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि उक्त स्वीकृत्यादेश की प्रति विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

08/01/25

अपर सचिव,

समाज कल्याण विभाग।

ज्ञापांक- 3/यो0स०क०-23/2022 /....22..../दिनांक- 08.01.25

प्रतिलिपि अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

08/01/25

अपर सचिव,

समाज कल्याण विभाग।